

# सब पर पड़ रहा भारी आरईएस अग्नि काण्ड का दोषी तत्कालीन लेखापाल प्रभारी!

## ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन यंत्री कार्यालय सीधी के चेक-डीडी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज में आग लगाकर नष्ट करने वाले संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ जांच ठंडे बस्ते में कैद

नवभारत फाओअप

**सीधी 21 अगस्त। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन यंत्री कार्यालय सीधी के चेक-डीडी सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज में आग लगाकर नष्ट करने वाले तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ जांच ठंडे बस्ते में कैद है। एक वर्ष से आरईएस अग्नि काण्ड की लम्बित जांच से ऐसा प्रतीत होता है कि अग्नि काण्ड के दोषी तत्कालीन लेखापाल प्रभारी शासन-प्रशासन सब पर भारी पड़ रहे हैं।**

यहां बताते चलें कि करोड़ों के भ्रष्टाचार की जांच में फंसे आरईएस विभाग के संविदा डाटा एंट्री आपरेटर द्वारा विभागीय डीडी-चेक एवं महत्वपूर्ण कागजों में आग लगवा दिया गया। आखिर आरईएस विभाग में बिना अनुमति विभागीय रिकार्ड जलाने वाले दोषी पर क्यों कार्यवाई नहीं हो रही है यह बड़ा सवाल बना हुआ है। मालूम हो कि आरईएस विभाग सीधी विगत 4 वर्षों से भ्रष्टाचार को लेकर काफी सुर्खियों में बना हुआ था। तत्कालीन ईई हिमांशु तिवारी द्वारा दो वर्षों से भ्रष्टाचार के सभी कीर्तिमानों को ध्वस्त कर दिया गया था। जब भ्रष्टाचार की तपन राजधानी तक पहुंची तो आनन-फानन में टीम गठन कर जांच शुरू की गई। प्रथम दृष्टया दोषी मिलने पर तत्कालीन ईई हिमांशु तिवारी के साथ दो प्रभारी एसडीओ को निलंबित कर दिया गया। जांच शुरू हुई तो उसकी जद में तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय भी आने लगे। लिहाजा लेखापाल के प्रभार से मुक्त होने के बाद उनके द्वारा कार्यालय के बाहर कुछ रिकार्डों में आग लगा दी गई। उनके द्वारा विभागीय रिकार्डों को जलाने से पूर्व कोई अनुमति लेने की जरूरत भी नहीं समझी गई। इस आग में विभागीय डीडी-चेक एवं महत्वपूर्ण कागजात जला दिये गये। विभागीय रिकार्ड जलाने का वीडियो जब सामने आया तो इसके लिये विभागीय जांच के निर्देश दिये गये। यह जांच भी दबाव में उलझ गई। जिसके चलते दोषी तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों का कहना है कि विभागीय भ्रष्टाचार में इनकी सहभागिता काफी ज्यादा रही है। बिना काम में जो फर्जी रिकार्ड बनाये जा रहे थे उसमें भी इनकी काफी भूमिका रही है।



...जांच की आंच से बचने करोड़ों के घोटालों के रिकॉर्ड में लगा दी गई आग

जिला पंचायत सीधी सीईओ के निर्देश पर आरईएस विभाग सीधी के प्रभारी लेखापाल के पद से हटाए गए संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटर ने प्रभार देने से पहले संदिग्ध रिकॉर्ड में लगाई आग

आग लगाने वाले की समाप्त होगी संविदा?

जांच में दोषी पाए गए तो दर्ज हो सकता है मामला

इनका कहना है

### सुनियोजित तरीके से लगाई गई थी आग

आरईएस विभाग सीधी के तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय को यह मालूम था कि यदि भ्रष्टाचार की जांच सही तरीके से हुई तो वह भी फंसेंगे। इसी वजह से जांच को प्रभावित करने के लिये इनके द्वारा सुनियोजित कार्ययोजना के तहत कुछ रिकार्डों को नष्ट करने एवं हटाने का काम शुरू कर दिया गया था। उनको सीधी कार्यालय से हटाने में देरी होने के कारण कई महत्वपूर्ण रिकार्ड गायब हो गये। भ्रष्टाचार की जांच की आंच से बचने के लिये रिकार्डों में आग लगाई गई।

### बिना अनुमति नष्ट किए गए थे विभागीय दस्तावेज

आरईएस विभाग सीधी के कार्यालय में मौजूद कई महत्वपूर्ण कागजातों को नष्ट करने से पूर्व तत्कालीन प्रभारी लेखापाल संविदा डाटा इंट्री आपरेटर नीलेश पाण्डेय द्वारा सक्षम अधिकारी से अनुमति नहीं ली गई थी। रिकार्डों में आग लगाने की वीडियो सामने आने पर विभागीय जांच तो शुरू हुई लेकिन यह अभी तक मुकाम तक नहीं पहुंच सकी है। सूत्रों का कहना है कि कार्यवाही को रूकवाने के लिये राजनैतिक दबाव का सहारा लिया गया है जिसके चलते कार्यवाही अभी तक पूरी नहीं हो सकी।

### इनका कहना है

नवभारत के माध्यम से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कार्यपालन यंत्री कार्यालय सीधी के दस्तावेजों में आग लगाये जाने का जो मामला सामने आया है, उसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत प्रतिवेदन के आधार पर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

**अनिल निगम, अधीक्षण यंत्री आरईएस रीवा**

## हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से हो स्काउटिंग डे : डॉ .अजय

▶ एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। भारत स्काउट एवं गाइड का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग विगनर्स कोर्स का समापन सत्र भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष डॉ.अजय मिश्रा के मुख्य आतिथ्य एवं भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेंद्रमणि दुबे की अध्यक्षता में उत्कृष्ट विद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ।**

समापन सत्र को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ.अजय मिश्रा ने कहा कि स्काउटिंग हर छात्र एवं छात्राओं के लिए आवश्यक है। विश्व का सबसे बड़ा गणवेश धारी छात्रों का स्काउट एवं गाइड संगठन है। हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से स्काउटिंग डे हो, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं स्काउटिंग की गणवेश में विद्यालय आए। समापन सत्र के अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष सुरेन्द्रमणि दुबे ने प्रशिक्षण वर्ग में सीधी और सिहावल विकासखण्डो से आए हुए शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर विद्यालय में अनिवार्य रूप से छात्र एवं छात्राओं का दल गठित हो। विद्यार्थी स्काउटिंग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं। स्काउटिंग के माध्यम से राज्यपाल से लेकर राष्ट्रपति पुरस्कार तक छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक भी अर्जित कर सकते हैं। एकदिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में प्रशिक्षक की भूमिका में जिला काउंसलर डॉ.शास्त्री प्रसाद मिश्रा, सचिव वरिष्ठ शिक्षक हरिशंकर पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण आयुक्त राकेश रतन पाण्डेय, संयुक्त सचिव शशि गौतम और प्रशिक्षक राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने विभिन्न ब्लॉक से आए हुए शिक्षकों को स्काउटिंग का दल कैसे प्रारंभ करें और स्काउटिंग क्यों आवश्यक है के पाठ्यक्रम अनुसार प्रशिक्षण दिए। इसमें सीधी और सिहावल ब्लॉक के विभिन्न विद्यालयों से स्काउटिंग में रुचि रखने वाले शिक्षक शामिल हुए।

## चुरहट विधायक अजय सिंह का आभार जताने शिवराजपुर पहुंचे ज्ञान सिंह



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। जिला कांग्रेस कमेटी के पुन: जिला अध्यक्ष नियुक्त होने पर ज्ञान सिंह सैकड़ो वाहनों के काफिले एवं हजारों साथियों के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल के निज निवास शिवराजपुर साड़ा पहुंचकर उनका गजमाला से स्वागत कर आभार जताया।**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष विधायक चुरहट अजय सिंह राहुल भैया ने ज्ञान को पुन: अध्यक्ष नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी और आशा व्यक्ति की अपने पूर्व कार्यकाल से भी बेहतर काम संगठन की मजबूती के लिए करेगे। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल का आभार जताते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के पुन: नियुक्त अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने कहा कि मुझे सदैव राहुल भैया का आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिलता रहा है, उन्हीं के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से आगे भी कांग्रेस के संगठन को मजबूत करने के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन में जोड़ने का काम करूंगा। सबको साथ लेकर कांग्रेस के संगठन को नए कलेवर के साथ नई ऊर्जा के साथ मजबूत किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि सबके आशीर्वाद और सहयोग से मुझे इस पद पर एक बार फिर से काम करने का अवसर मिला है उसके लिए मैं राहुल भैया सहित सभी का हृदय से आभारी हूं और अपना बेहतर से बेहतर संगठन को देने का प्रयास करूंगा। उक्त अवसर पर विधानसभा सीधी, सिहावल, चुरहट और धौहनी के हजारों की संख्या में कांग्रेस के वरिष्ठ नेतागण, पदाधिकारी, सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी, ब्लॉक मंडलम सेक्टर के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता साथी साथ रहे।

## शांति समिति की बैठक 25 को

**सीधी 21 अगस्त।** अपर कलेक्टर ने जानकारी देकर बताया है कि गत वर्षो की भांति धार्मिक त्यौहार गणेश चतुर्थी 27.08.2025 को, मिलाद-उन-नवी 05.09.2025 को, दुर्गा मूर्ति स्थापना 22.09.2025 को, दशहरा (विजयदशमी) 02.10.2025 को एवं दीपावली 20.10.2025 को शांति पूर्ण ढंग से मनाये जाने के संबंध में 25 अगस्त 2025 को टीएल के साथ कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों तथा समिति के सदस्यों को उक्त बैठक में नियत दिनांक, समय व स्थान पर उपस्थित होने हेतु सूचित किया है।

## समारोह पूर्वक शाउमावि सीधी खुर्द में हुआ साइकिल का वितरण



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी खुर्द में आज 21 अगस्त को मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना नि:शुल्क साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी डॉ.अनूप मिश्रा एवं अध्यक्षता होण्डा एजेंसी सीधी के संचालक संजीव तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती पूनम तिवारी उपस्थित रहीं।**

मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर की गयी। इस अवसर पर संस्था के संस्कृत शिक्षक सूर्यकुमार पाण्डेय द्वारा स्वस्ति वाचन किया गया। तत्पश्चात् अतिथयों का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत संस्था की प्राचार्या डॉ.वर्षा गौतम एवं वरिष्ठ शिक्षक योगेन्द्र पाठक तथा कृपा शंकर दुबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागतगीत प्रस्तुत किया गया। वद्यालय की प्राचार्या डॉ.वर्षा गौतम द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। तद्परांत अतिथियों का उद्बोधन हुआ। अंत में अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के माध्यमिक शिक्षक विमलेश कुमार तिवारी द्वारा किया गया। अतिथियों का आभार प्रदर्शन संस्था के पीटीआई आर.बी.सिंह चौहान द्वारा किया गया।

इस अवसर पर साइकिल प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक एवं विद्यालयीन समस्त स्टाफ उपस्थित रहे एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## एकलव्य स्कूल के छात्र-छात्राओं का संभाग स्तर पर चयन



नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। 69वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला स्तरीय बॉक्सिंग एवं फुटबॉल का आयोजन सीधी जिले में हुआ, जिसमें एकलव्य पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो के छात्र हर्ष सिंह, ओम यादव, पियूष विश्वकर्मा, गुड्डू पाठक, रोहित साहू, कार्तिक तिवारी, दिव्यराज सिंह, दीपांशु शर्मा का बॉक्सिंग में एवं साक्षी सिंह, शिवानी सिंह, प्रतीक्षा तिवारी, दीपाली तिवारी तथा हर्षिता पाण्डेय का फुटबॉल में संभाग स्तर के लिए चयन हुआ है।**

जिस तरह जिला स्तर पर ये छात्र खेले हैं पूरी उम्मीद है की ये आगे और भी बेहतर खेलेंगे। संभाग स्तर का खेल सतना जिले में होगा। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, अरविंद सिंह, विदित सिंह, संध्या शुक्ला, सुनीता विश्वकर्मा, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, रूचि सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, रजनीश पाण्डेय एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।



## पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**चुरहट 21 अगस्त। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय चुरहट में नवोदय विद्यालय समिति भोपाल संभाग के उपायुक्त आरव केव वर्मा के दिशा निर्देशानुसार अभिभावक-शिक्षक परिषद की बैठक सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शैलेश द्विवेदी एसडीएम रामपुर नैकिन एवं डॉ.कमल शर्मा पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग, सागर विश्वविद्यालय रहे।**

मुख्य अतिथि शैलेश द्विवेदी, नामित अध्यक्ष, एसडीएम रामपुर नैकिन ने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञानार्जन ही नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण का भी माध्यम है। उन्होंने जिला कलेक्टर को धन्यवाद करते हुए नवोदय विद्यालय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यालय के परिवेश में सकारात्मक बदलाव पर प्राचार्य एवं उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की। साथ ही उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों के करियर गाइडेंस के एक्सपर्ट को आमंत्रित करने का सुझाव दिया जिससे कि विद्यार्थियो को मार्गदर्शन मिल सके। विशेष अतिथि डॉ. कमल शर्मा पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष भूगोल विभाग सागर विश्वविद्यालय ने बच्चों को अनुशासन, ज्ञान और संस्कार को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। उन्होंने शिक्षा का अर्थ किताबी ज्ञान से बढ़कर उसकी उपयोगिता को बताया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ.डी.के.त्रिपाठी ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। उन्होंने अपने नवोदय विद्यालय के पुरातन छात्रों का परचम आईएएस, आईपीएस व अन्य अधिकारियों के रूप मे बताया जिससे कि सभागार तालियों से गूंज उठा। वरिष्ठ शिक्षक रूपेश चौधरी ने अभिभावक-शिक्षक परिषद की उद्देश्यमूलक भूमिका पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्र कप्तान संदीप एवं प्रगति ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को शिक्षा का आधार बताया।

## ब्रह्मकुमारीज सेवा केन्द्र सीधी का रक्तदान शिविर आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। ब्रह्माकुमारीज संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी के 18वीं पुण्यतिथि पर सीधी के ब्रह्मकुमारीज सेवा केन्द्र द्वारा 22 अगस्त शुक्रवार को सीधी जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।**

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज सीधी जिले की संचालिका रेखा दीदी के प्रयासों से रक्तदान महादान थीम पर कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। साथ ही सेमरिया स्थित ब्रह्मकुमारीज सेवा केन्द्र द्वारा भी स्थानीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सेमरिया में भी 25 अगस्त सोमवार को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदान कार्यक्रम के विषय में रेखा दीदी ने बताया कि रक्तदान एक महत्वपूर्ण कार्य है जो किसी के जीवन को बचाने में मदद कर सकता है। ब्रह्माकुमारीज संस्था का यह रक्तदान अभियान लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और रक्त की कमी को दूर करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने सभी सीधीवासियों युवाओं, प्रबुद्धजनों एवं समाजसेवियों से रक्तदान करके कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज स्टेडियम के उत्तर दिशा में स्थित सेवा केन्द्र द्वारा एवं भारत विकास परिषद, रोली मेमोरियल, एनएसएस, अपर कलेक्टर, रक्तवीर सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजन रहेगा। साथ ही अनेक समाजसेवियों ने दिल से सहयोग करने का संकल्प लिया है।

## वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन

**सीधी 21 अगस्त।** अग्रणी जिला प्रबंधक ने जानकारी देकर बताया है कि भारत सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन संतृप्ति महाअभियान के अंतर्गत दिनांक 19.08.2025 को सीधी जिले के सिहावल ब्लॉक के ग्राम पंचायत सोनतीर पटेहरा के पंचायत भवन में जिले का अग्रणी बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन किया गया।

## जिले में औसत वर्षा 994 .6 मिमी . दर्ज

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 21 अगस्त को सीधी जिले में 3.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 6.0 मिमी., चुरहट 0.0 मिमी., गोपद बनास में 2.6 मिमी., सिहावल में 0.0 मिमी., बहरी में 18.0 मिमी., मझौली में 0.0 मिमी. और कुसमी में 1.0 मि.मी. वर्षा हुई है।**

उल्लेखनीय है कि जिले में अब तक 994.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 21 अगस्त तक तहसील मझौली में सर्वाधिक वर्षा 1125.0 मिमी. दर्ज की गई है। तहसील रामपुर नैकिन में 818.3 मिमी., चुरहट में 942.0, गोपद बनास में 954.4, सिहावल में 1072.6, बहरी में 1081.9 मिमी. और कुसमी में 968.0 मिमी. औसत वर्षा हुई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में जिले में 857.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज हुई थी। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 137.2 मिमी. औसत वर्षा अधिक हुई है।

## सरकार की मंशा छात्र-छात्राओं को सुगमता से गुणवत्तायुक्त शिक्षा हो उपलब्ध : विश्वामित्र

### छात्र-छात्राओं को पीएमश्री शाउमावि हटवाखास, शाउमावि सोनवर्षा, हाईस्कूल कुनझुन कला, पीएमश्री शाउमावि खुटेली में नि :शुल्क साइकिल का हुआ वितरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 21 अगस्त। प्रदेश एवं केन्द्र सरकार ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दिया है। छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्था की जाएगी। शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव है। उक्त आशय के विचार सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने विभिन्न शासकीय विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क सायकल वितरण कार्यक्रम में व्यक्त किए।**

विधानसभा क्षेत्र सिहावल अंतर्गत पीएमश्री शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय हटवा खास, शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय सोनवर्षा, हाईस्कूल कुनझुन कला एवं पीएमश्री शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय खुटेली में विधायक सिहावल विश्वामित्र पाठक के मुख्य आतिथ्य में सायकल वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत हुई तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विद्यालय के प्राचार्यो द्वारा छात्राओं को वितरित की जा रही सायकल के संबंध में अवगत कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विश्वामित्र पाठक विधायक सिहावल ने कहा कि प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की शिक्षा के क्षेत्र में संचालित योजनाओं मध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठय पुस्तक का वितरण, सायकल वितरण, छात्रवृति, मेधावी विद्यार्थियों के



लिए लैपटॉप एवं स्कूटी प्रदाय आदि योजनाओ के साथ ही निर्धन छात्रों को विदेश में पढ़ने के लिए भी मदद कर रही हैं ताकि छात्र-छात्राओं को सुगमता से गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध हो सके। दूर से आने वाले छात्र छात्राओं को सायकल उपलब्ध हो जाने से विद्यालय आने जाने में मदद मिलेगी। पूर्व में विद्यालय दूर होने के कारण अधिकांश छात्राएं पढ़ाई बीच में ही छोड़ देती थीं, लेकिन अब सायकल मिल जाने से समय की बचत होगी साथ ही अध्ययन अध्यापन में सुविधा मिलेगी। सिहावल विधायक ने उम्मीद व्यक्त की है कि इन सभी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं जिले ही नहीं प्रदेश में भी अपना एवं विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। मुख्य अतिथि ने विद्यालय हेतु आवश्यक बाउंड्रीवाल, विद्यालयों की मरम्मत एवं अन्य आवश्यक निर्माण कराने का आश्वासन दिया। पीएम श्री विद्यालय हटवाखास में मुख्य अतिथि ने डिजिटल बोर्ड का फीता काट कर शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण भी किया।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जयशंकर द्विवेदी, दखन सिंह सोलंकी प्राचार्य, सी.पी.तिवारी प्राचार्य, सी.एल.सिंह प्राचार्य, जीतेन्द्र द्विवेदी प्राचार्य, सुरेश सिंह, रामसखा शर्मा, श्रीमती ममता पटेल सरपंच, शंभू त्रिपाठी, रामलाल विश्वकर्मा सरोज द्विवेदी सरपंच कुंसेडा, अर्जुन उपाध्याय, अनुसुइया शुक्ला, मथुरा साकेत आशुतोष उपाध्याय, रामजतन उपाध्याय, रामानंद यादव, अजय उपाध्याय पुष्पराज सिंह विजय त्रिपाठी, राजेश सिंह, दीपू सिंह, सालिक द्विवेदी, गिरीश द्विवेदी, शिवबहोर साकेत, रामलाल सिंह सरपंच, शेख मोहम्मद, गुलज़ार मोहम्मद, निलेश तिवारी, राजीव लोचन तिवारी, जितेन्द्र द्विवेदी सहित विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक गण, छात्र-छात्राएं, गणमान्य जन उपस्थित रहे।

CMYK